भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. *264**

जिसका उत्तर 18.12.2025 को दिया जाना है

**राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-9 का रखरखाव और प्रचालन**

*264. कुमारी सैलजा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-9 (हिसार से डबवाली, लगभग 150 किलोमीटर) के रखरखाव और प्रचालन का कार्य किसी निजी कंपनी को सौंपा गया है अथवा इसका प्रबंधन सीधे तौर पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा किया जा रहा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त राजमार्ग का निर्माण किस योजना या मॉडल यथा निर्माण-प्रचालन-हस्तांतरण (बीओटी), सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) अथवा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा स्वयं निष्पादन के अंतर्गत किया गया था;

(ग) क्या इस राजमार्ग पर चार अलग-अलग स्थानों पर पथकर वसूला जा रहा है और यदि हां, तो क्या सड़क का रखरखाव, रोशनी की व्यवस्था और दुर्घटना संभावित स्थानों पर सुधार जैसी मूलभूत सुविधाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं कराई गई हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या इस राजमार्ग के रख-रखाव और प्रकाश की अवसंरचना और सुरक्षा में सुधार की जिम्मेदारी संबंधित निजी कंपनी को सौंपी गई है अथवा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा की जा रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

<u>**विवरण**</u>

---

**"राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-9 का रखरखाव और प्रचालन"** के संबंध में कुमारी सैलजा द्वारा पूछे गए दिनांक 18.12.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *264 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

---

(क) से (घ) राष्ट्रीय राजमार्ग-9 के हिसार-डबवाली खंड, जिसकी लंबाई लगभग 145 किलोमीटर है, को राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) चरण-IVबी के तहत इंजीनियरिंग, प्रापण और निर्माण (ईपीसी) मोड पर 4-लेन मानक में उन्नत (अपग्रेड) किया गया है। इस खंड के 4 लेन का निर्माण कार्य वर्ष 2017 में पूरा किया गया था।

वर्तमान में, इस खंड का संचालन और रखरखाव भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा रखरखाव संविदाकार के माध्यम से किया जा रहा है, जो दिनांक 01.04.2025 से निष्पादन आधारित रखरखाव संविदा (पीबीएमसी) पर कार्यरत है। इस राजमार्ग परियोजना का रखरखाव पीबीएमसी संविदाकार द्वारा किया जा रहा है। मानसून के दौरान, जलभराव और गड्ढे (पॉट होल) की मरम्मत से संबंधित समस्याएं थी, जिनका निराकरण कर दिया गया है।

एनएच-9 के हिसार-डबवाली खंड पर निम्नलिखित 3 शुल्क प्लाजा पर प्रयोक्ताओं से शुल्क संग्रहीत किया जा रहा हैः

(i) लँधारी (अगरोहा)

(ii) भावदीन (सिरसा)

(iii) खुइयां मलकाना (डबवाली)

उपरोक्त सार्वजनिक वित्त पोषित शुल्क प्लाजा पर प्रयोक्ता शुल्क एनएचएआई द्वारा अलग-अलग प्रयोक्ता शुल्क संग्रहण एजेंसियों के माध्यम से संग्रहीत किया जा रहा है। पीबीएमसी संविदाकार द्वारा राजमार्ग के नियमित रखरखाव कार्यों, प्रारंभिक सुधार कार्यों के साथ-साथ समय-समय पर रखरखाव कार्य (राजमार्ग पर प्रकाश व्यवस्था, गड्ढों की मरम्मत, सड़क सुरक्षा से जुड़े वस्तुओं, बिटुमिनस ओवरले आदि से संबंधित कार्यों सहित) किया जा रहा है।

किसी भी संभावित सड़क दुर्घटना को कम करने के लिए राजमार्ग पर प्रकाश, साइनबोर्ड, सड़क चिह्न आदि जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं प्रदान की गई हैं।

इस खंड पर सिरसा जिले के खेड़ेकन गाँव (एचआर-05-44) में एक दुर्घटना प्रवण स्थल (ब्लैकस्पॉट) को चिन्हित किया गया है। ब्लैकस्पॉट पर अल्पकालिक सुधार उपाय पहले ही किए जा चुके हैं। इसके अलावा, अलग से दीर्घकालिक उपाय के रूप में छह लेन के वाहन अधोगामी पास (वीयूपी) के निर्माण का कार्य स्वीकृत किया गया है।

*****